प्रभु कल्याण करो जी | By B. R. Nagina ,Seema Day

हे महावीर प्रभु मेरे दु:ख संताप हरो जो
मंगलमय करुणा करण प्रभु कल्याण करो जी
कल्याण करो जी.....
हे वीर प्रभु जी, महावीर प्रभु जी
हे वीर प्रभु जी, महावीर प्रभु जी

हे वेश दिगम्बरधारी प्रभु जी शांत छवि प्यारी
प्रभु कीर्ति तुम्हारी प्यारी प्रभु गुण गाते नर नारी
हम फसे हैं बीच भवर में मेरा उद्धार करो जी
मंगलमय करुणा करण प्रभु कल्याण करो जी
कल्याण करो जी.....
हे वीर प्रभु जी, महावीर प्रभु जी
हे वीर प्रभु जी, महावीर प्रभु जी

अगणित दुखियारी थारी चिंता दु:ख दूर किये
भटके को राह दिखाए फिरदर्शन दे मुक्त किये
अब दया करो गुणधारी भव जल पार करो जी
मंगलमय करुणा करण प्रभु कल्याण करो जी
कल्याण करो जी.....
हे वीर प्रभु जी, महावीर प्रभु जी
हे वीर प्रभु जी, महावीर प्रभु जी

बांझन को पुत्र दिए तुमने गूंगे को बैन दिए
लंगड़े को देदी हाथ पाँव अंधे को नैन दिए
अब मुझ अधिनी पर वीर प्रभु उपकार करो जी
मंगलमय करुणा करण प्रभु कल्याण करो जी
कल्याण करो जी.....
हे वीर प्रभु जी, महावीर प्रभु जी
हे वीर प्रभु जी, महावीर प्रभु जी

कण कण में वास तुम्हारा
नभ जल थल में तुम विचरो
अनुपम अद्भुत है चीज़ आतम
जिससे तुम कुञ्ज भरो
हे चंदनपुर के महावीर मेरी पीर हरो जी
मंगलमय करुणा करण प्रभु कल्याण करो जी
कल्याण करो जी.....
हे वीर प्रभु जी, महावीर प्रभु जी
हे वीर प्रभु जी, महावीर प्रभु जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%ad%e0%a5%81-%e0%a4%95%e0%a4%b2%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%a3-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a5%80-by-b-r-nagina-seema-day/